QUICK NEWS

खुले में नमाज बर्दाश्त नहीं : खट्टर

चंडीगढ़. गुरुग्राम में खुले स्थानों पर जुमे की नमाज अदा करने पर कई हिंदू संगठनों द्वारा आपत्ति जताए जाने के बीच हरियाणा के मुख्यमंत्री मनोहर लाल खट्टर ने कहा कि खुले में नमाज पढ़ने की प्रथा को बर्दाश्त नहीं किया जाएगा. खट्टर ने यह भी कहा कि जिला प्रशासन के खुले स्थानों पर नमाज के लिए कुछ स्थानों को आरक्षित करने का पूर्व निर्णय वापस ले लिया गया है और राज्य सरकार अब इस मुद्दे का सौहार्दपूर्ण समाधान निकालेगी. मुख्यमंत्री ने गुरुग्राम में खुले स्थानों पर नमाज अदा करने पर कई दक्षिणपंथी संगठनों द्वारा उठाई गई आपत्तियों को लेकर एक सवाल के जवाब में कहा कि यहां (गुरुग्राम) खुले में नमाज पढ़ने की प्रथा बर्दाश्त नहीं की जाएगी...लेकिन हम सौहार्दपूर्ण समाधान निकालेंगे.

UP पंचायत चुनाव

कल नामांकन का अंतिम दिन

मुजफ्फरनगर. ग्राम पंचायत की 310 रिक्त सीटों के लिए चुनाव प्रक्रिया शुरू हो गई है और इसके लिए रविवार तक नामांकन दाखिल किए जा सकते हैं. जिला मजिस्ट्रेट चंद्र भूषण सिंह ने बताया कि राज्य चुनाव आयोग के निर्देश पर 20 दिसंबर के लिए चुनाव संबंधी अधिसूचना जारी कर दी गई है. इनके साथ ही बेहड़ी गांव के ग्राम प्रधान के चुनाव भी आयोजित किए जाएंगे.

BJP जीतेगी 350 सीटें : योगी

उप्र CM का बड़ा दावा- किसी और पार्टी में इतना दम नहीं

■ **लखनऊ,** एजेंसियां. यूपी विधानसभा चुनाव 2022 में फिर से जीत के परचम लहराने के लिए भाजपा जोरों-शोरों से तैयारियां कर रही है. इसी कड़ी में सूबे के मुखिया योगी आदित्यनाथ ने बड़ा दावा किया है. उन्होंने 350 प्लस सीट जीतने का दावा किया है.

साथ ही उन्होंने कहा कि इस वक्त राज्य की कोई भी दूसरी पार्टी बीजेपी को चैलेंज करने की स्थिति में नहीं है. उनकी सरकार ने लोगों के लिए जो काम किया है, उन कामों से उनकी पार्टी के नेताओं को आत्मविश्वास मिला है. सीएम योगी ने सपा नेता अखिलेश यादव पर भी निशाना साधा. उन्होंने कहा कि विपक्ष मोहम्मद अली जिन्ना का जिक्र करके चुनाव में ध्रुवीकरण करना चाहता है. इसके साथ ही योगी आदित्यनाथ ने यह भी कहा कि प्रियंका गांधी का 'इलेक्शन टूरिज्म' राज्य में कांग्रेस को जिता नहीं पाएगा. यूपी की 403 सीटों में से बीजेपी 350 प्लस सीटें जीतेगी.

पार्टी हाईकमान का जहां से आदेश होगा वहीं से चुनावी ताल ठोंक देंगे. यूपी की हर विधानसभा सीट मेरी है. प्रदेश की सभी जनता का मानना है कि सपा का अर्थ है दंगा, अराजकता, आतंक, आपराधिक आंकड़ों का बढ़ना, घोटाला, वंशवादी राजनीति, युवाओं एवं किसानों के लिए बेरोजगारी और गरीबों के लिए किसी भी लाभदायी योजना का न होना. राम मनोहर लोहिया हमेशा से वंशवादी राजनीति और बेनामी सम्पत्ति के खिलाफत करते रहे. मगर वर्तमान के समाजवादी वंशवाद की राजनीति को बढ़ावा देने वाले हैं. - **योगी आदित्यनाथ,** उप्र CM

कल से 15 करोड़ लोगों को मुफ्त डबल राशन

योगी सरकार विधानसभा चुनाव से पहले डबल राशन वितरण शुरू करेगी. इसकी शुरुआत सीएम योगी आदित्यनाथ 12 दिसंबर को करेंगे. इसके अंतर्गत प्रधानमंत्री और मुख्यमंत्री अन्न वितरण योजना के को प्राप्त करने वाले लाभर्थियों को दोगुना राशन दिया जाएगा. इस मौके पर राशन दुकानों पर जनप्रतिनिधियों की मौजूदगी में विशेष कार्यक्रम भी आयोजित किए जाएंगे. वहीं भाजपा इस मौके पर धन्यवाद ज्ञापित करेगी. इस महीने से प्रदेश के 15 करोड़ लोगों को मुफ्त राशन देने की तैयारी पूरी हो चुकी है.

वरुण ने योगी सरकार को पढ़ाया

भाजपा सांसद वरुण गांधी अपनी ही सरकार की आलोचना के लिए चर्चा के केंद्र में रहते हैं.



लखीमपुर खीरी हिंसा की घटना हो या फिर यूपीटीईटी पेपर लीक या फिर शिक्षक भर्ती के लिए प्रदर्शन कर रहे छात्रों पर लाठीचार्ज. या फिर महंगाई और बेरोजगारी के मसले. वरुण हर घटना को लेकर बीजेपी सरकार पर सवालिया निशाना उठाते रहे हैं. वरुण गांधी ने एक बार फिर से योगी सरकार को घेरा है. इस बार वरुण ने कानपुर में गोद में बच्चे को लिए शख्स पर बर्बरता से लाठी बरसा रही पुलिस का वीडियो शेयर कर निशाना साधा है. उन्होंने ट्वीट कर लिखा, सशक्त कानून व्यवस्था वह है, जहां कमजोर से कमजोर व्यक्ति को न्याय मिल सके. यह नहीं कि न्याय मांगने वालों को न्याय के स्थान पर इस बर्बरता का सामना करना पड़े. यह बहुत कष्टदायक है.

हार से डरी BJP में बौखलाहट : अखिलेश

समाजवादी पार्टी अध्यक्ष अखिलेश यादव ने कहा कि 2022 में होने वाले विधानसभा चुनावों में जनता के आक्रोश और अपनी हार से डरी भाजपा में बौखलाहट के हालात हैं. अखिलेश ने कहा कि कानून व्यवस्था की स्थिति पर भाजपा के झूठ अब जनता को स्वीकार्य नहीं है. भाजपा के छोटे-बड़े नेता दावे चाहे जितने करें पर सच्चाई यह है कि उनके राज में कहीं कोई सुरक्षित नहीं है. प्रशासन पूरी तरह पंगु है. महिलाएं अपमानित हैं. फेक एन्काउंटर और पुलिस हिरासत में मौतों का सिलसिला जारी है. न्यूयॉर्क की तर्ज पर समाजवादी सरकार ने 100 नंबर यूपी डायल सेवा शुरू की थी जिसमें सूचना मिलते ही पुलिस घटना स्थल पर पहुंचती. भाजपा ने इस सेवा का नम्बर बदलकर 112 कर दिया और उसकी व्यवस्थाएं चौपट कर दी. बीमारों को अस्पताल पहुंचाने के लिए समाजवादी 108 नंबर एम्बुलेंस सेवा शुरू की गई थी.

BJP ने सुहेलदेव समाज का बढ़ाया गौरव

प्रदेश के पिछड़ा वर्ग कल्याण एवं दिव्यांगजन राज्य मंत्री (स्वतंत्र प्रभार) अनिल राजभर ने कहा है कि देश में पहली बार ऐसा हुआ है कि राष्ट्रवीर सुहेलदेव को सरकार के स्तर पर इतना सम्मान मिला हो. हाल ही में सुहेलदेव के नाम पर विश्वविद्यालय का शिलान्यास करने से लेकर उनके नाम पर डाक टिकट जारी करने और ट्रेन का नाम रखने के बाद अब बहराइच में 165 करोड़ की लागत से सुहेलदेव के किले के निर्माण की घोषणा की गई है. यह सभी कार्य भाजपा की देन हैं.

प्रियंका का महिलाओं से वादा

...तो नौकरियों में 30% आरक्षण

■ **पणजी,** एजेंसियां. कांग्रेस महासचिव प्रियंका गांधी वाड्रा ने गोवा में आगामी विधानसभा चुनावों में पार्टी के सत्ता में आने पर महिलाओं को नौकरियों में 30 प्रतिशत आरक्षण देने का वादा किया. उन्होंने आम आदमी पर कटाक्ष करते हुए लोगों से 'बाहर' से गोवा में आ रहीं पार्टियों से सावधान रहने को कहा.



गोवा दौरे के दिन ही लग गई इस्तीफों की झड़ी

गोवा में पोरवोरिम विस सीट के कई नेताओं ने इस्तीफे दे दिए हैं. इस्तीफे प्रियंका गांधी के दौरे से पहले हुए. इन नेताओं का कहना है कि कांग्रेस राज्य में विधानसभा चुनाव लड़ने को लेकर गंभीर नहीं दिख रही है. पूर्व जिला पंचायत सदस्य गुपेश नायत ने कहा कि कांग्रेस राज्य में चुनाव को लेकर गंभीर नहीं दिख रही है. अब तक उसने अपनी कोई तैयारी भी शुरू नहीं की है. इस्तीफा देने वाले नेताओं का गुट निर्दलीय विधायक रोहन खौंटे को समर्थन कर रहा है.

बिजली का बकाया बिल होगा माफ

चन्नी सरकार का बड़ा फैसला

■ **चंडीगढ़,** एजेंसियां. मुख्यमंत्री चरणजीत सिंह चन्नी की अध्यक्षता में हुई कैबिनेट बैठक में कई बड़े फैसले लिए गए. इनमें पंजाब में सफाई सेवकों की सेवाओं को नियमित करने और बिजली के बकाया बिल माफ करने जैसे फैसले शामिल रहे. इसके अलावा कैबिनेट ने कपास की फसल के नुकसान पर राहत राशि को 12,000 रुपये से बढ़ाकर 17,000 रुपये प्रति एकड़ करने की भी मंजूरी दे दी है. ये राहत राशि 1 जून 2021 से लागू हो जाएगी. सफाई सेवकों और सीवरमैन को नियमित करने के फैसले का फायदा 4,587 संविदा कर्मचारियों को मिलेगा, जो शहरी निकाय विभाग में काम कर रहे हैं. इन कर्मचारियों को नियमित करने के साथ ही सरकार पर प्रोबेशन के शुरुआती 3 वर्षों के दौरान करीब 46 करोड़ रुपये का खर्च आएगा. कैबिनेट ने दिसंबर की बजाय नवंबर से ही बिजली की दरें 3 रुपये प्रति यूनिट करने का फैसला लिया. राज्य सरकार ने पहले घोषणा की थी कि 7 किलोवॉट तक स्वीकृत लोड वाले उपभोक्ताओं के टैरिफ में 3 रुपये प्रति यूनिट कम किए जाएंगे. इससे सरकार पर 151 करोड़ रुपये का अतिरिक्त आर्थिक बोझ आएगा.



AAP ने जारी की 30 उम्मीदवारों की सूची

'आप' की तरफ से घोषित 30 उम्मीदवारों की सूची में पंजाब पुलिस के पूर्व अधिकारी कुंवर विजय प्रताप सिंह का नाम भी शामिल है. सिंह ने 2015 कोटकापुरा और बेहबल कलां गोलीबारी मामलों की जांच में एसआईटी जांच की अगुवाई की थी. यह 'आप' द्वारा घोषित प्रत्याशियों की दूसरी सूची है. सिंह को अमृतसर उत्तर सीट से टिकट दिया गया है. उन्होंने इस वर्ष अप्रैल में स्वेच्छा से सेवानिवृत्ति ले ली थी और बाद में वह 'आप' में शामिल हो गए थे. पुलिस महानिरीक्षक के पद पर रहे सिंह ने पंजाब एवं हरियाणा उच्च न्यायालय द्वारा 2015 के कोटकापुरा गोलीकांड में एसआईटी की जांच रद्द किए जाने के बाद इस्तीफा दिया था. पंजाबी गायक अनमोल गगन मान खरार सीट से जबकि बलकार सिंह सिद्धू रामपुरा फूल सीट से चुनाव लड़ेंगे. पिछले महीने कांग्रेस से इस्तीफा देकर 'आप' में शामिल हुए रमन बहल को गुरदासपुर सीट से जबकि पंजाब के पूर्व मंत्री सेवा सिंह सेखवान के बेटे, जगरूप सिंह सेखवान कादियान सीट से चुनाव लड़ेंगे.

केजरी की पार्टी के विधायक का इस्तीफा



राज्य में विस चुनावों से पहले आम आदमी पार्टी को एक और झटका लगा है. जैतों से पार्टी के विधायक मास्टर बलदेव सिंह ने व्यक्तिगत कारणों से अपने विधायक पद से इस्तीफा दे दिया है. चुनावों से कुछ दिन पहले ही उनका यह फैसला आम आदमी पार्टी के लिए बहुत बड़ा झटका माना जा रहा है. मास्टर बलदेव सिंह ने पार्टी के सुप्रीमो और दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल और पंजाब प्रधान भगवंत मान को पत्र लिखा है, जिसमें उन्होंने पार्टी की प्राथमिक मेंबरशिप और सभी पदों से इस्तीफा देने की बात कही है. मास्टर बलदेव सिंह ने कहा कि वह अपने कुछ निजी कारणों से इस्तीफा दे रहे हैं. इस्तीफा तुरंत मंजूर किया जाए. सिंह 2017 में जैतो विस हलके से पार्टी की टिकट पर विधायक चुने गए थे.

हर बूथ से 5 व्यक्ति लाने का लक्ष्य

राहुल की रैली अग्नि परीक्षा

■ **देहरादून,** एजेंसियां. राहुल गांधी की 16 दिसंबर की रैली कांग्रेस में टिकट के दावेदारों के लिए अग्नि परीक्षा होगी. बूथों से ज्यादा से ज्यादा व्यक्तियों को रैली में लाने की जिम्मेदारी संभावित प्रत्याशियों को दी गई है. हर बूथ से तकरीबन पांच व्यक्ति लाने का लक्ष्य रखा गया है. 2022 में उत्तराखंड की सत्ता के लिए दावेदारी जता रही कांग्रेस 4 दिसंबर की पीएम मोदी की रैली से ज्यादा भीड़ राहुल की रैली में जुटाने की तैयारी कर रही है. दरअसल इस रैली के माध्यम से शक्ति प्रदर्शन भी किया जाएगा. राज्य में जिस तरह हर 5 साल में सरकार बदलती रही है, कांग्रेस को उम्मीद है कि यह सिलसिला आगे भी जारी रहने वाला है. इसलिए राज्य में अगले विधानसभा चुनाव में पूरी ताकत झोंकी जा रही है. प्रधानमंत्री मोदी उत्तराखंड से लगाव जाहिर करते रहे हैं. 3 माह में वह लगातार 3 बार उत्तराखंड का दौरा कर चुके हैं. ऐसे में कांग्रेस अब पलटवार करना चाहती है.

HC में याचिका

उत्तराखंड हाईकोर्ट ने आप द्वारा 300 यूनिट फ्री बिजली देने सम्बन्धी केजरीवाल मुफ्त बिजली गारंटी कार्ड को चुनौती देने वाली याचिका पर सुनवाई की. कोर्ट ने अगली सुनवाई 8 दिसम्बर की तिथि नियत की है. मामले की सुनवाई न्यायमूर्ति मनोज कुमार तिवारी एकलपीठ में हुई.

बृहन्मुंबई महानगरपालिका

सार्वजनिक स्वास्थ्य विभाग
कस्तूरबा अस्पताल
साने गुरूजी मार्ग, चिंचपोकली (पश्चिम), मुंबई - 400 011
क्र. एचओ/8859/केएच दि. 10.12.2021

ई-निविदा सूचना

एमसीजीएम के मनपा आयुक्त के लिए एवं उनकी ओर से चिकित्सा अधीक्षक, कस्तूरबा अस्पताल द्वारा निम्ननिर्दिष्ट किट्स की आपूर्ति के लिये ऑनलाइन ई-निविदा आमंत्रित की जाती है.

अ.क्र.	बोली क्र.	आइटम का नाम	मात्रा
1.	7200021060	कस्तूरबा अस्पताल में पीसीआर लैबोरेटरी हेतु "लेप्टोस्पिरा रियल-टाइम पीसीआर (क्वालिटेटिव) किट, मास्टर मिक्स, कंट्रोल्स एवं लेप्टोस्पिरा प्राइमर्स-फॉरवर्ड एवं रिवर्स तथा प्रोब की खरीद.	15 किट्स

बोली आरंभ : 11.12.2021 को 11.00 बजे
बोली समापन : 20.12.2021 को 15.00 बजे
संपर्क अधिकारी : डॉ. चंद्रकांत पी. पवार
चिकित्सा अधीक्षक - कस्तूरबा अस्पताल
टेली. नं. : 022-23027700 ईमेल : ms01kasturba.phd@mcgm.gov.in
ई-निविदा पोर्टल http://portal.www.mcgm.gov.in पर संपूर्ण ई-निविदा दस्तावेज उपलब्ध है.
ई-निविदा दस्तावेजों के अनुसार ई-निविदा केवल ऑनलाइन ही जमा करनी होगी.

हस्ता./-
चिकित्सा अधीक्षक
कस्तूरबा अस्पताल

पीआरओ/1724/विज्ञा./2021-22

खिड़कियों के लिये जालियों और मच्छरदानियों का इस्तेमाल करें

महाराष्ट्र औद्योगिक विकास महामंडळ
(महाराष्ट्र शासन अंगिकृत)

ई-निविदा सूचना क्रमांक /१२/ सन २०२१-२०२२

अ. क्र.	कामांचे नांव	अंदाजित रक्कम रुपये
१	जालना औद्योगिक क्षेत्र.. शेंद्रा-जालना दरम्यान जुनी जलवाहीनी काढुन नवीन ६०० मी.मी. व्यासाची डी आय के-७ जलवाहिनी टाकणे.	रू. ३७,९७,४०,०७९.००

या वरील कामाकरीता योग्य त्या वर्गामध्ये नोंदणीकृत कंत्राटदाराकडून काम क्र. १ करीता ई-निविदा बी-१/बी-२/सी/डी नमुन्यात मागविण्यात येत आहेत. मान्यताप्राप्त कंत्राटदारांना काम क्र. १ करीता दि. १६/१२/२०२१ ते दि. १२/०१/२०२२ या दरम्यान निविदा भरता येतील, याबाबतची सविस्तर माहिती महामंडळाच्या www.midcindia.org (औरंगाबाद झोन) या संकेतस्थळावर उपलब्ध आहे.

निविदा सुचना अगर निविदा सुचनेतील कोणताही भाग कोणतीही पुर्व सुचना न देता रद्द करण्याचा अथवा राखुन ठेवण्याचा तसेच सुधारणा करण्याचा हक्क म.औ.वि. महामंडळाने राखुन ठेवला आहे.

नाशिक महानगरपालिका, नाशिक
सार्व. आरोग्य अभियांत्रिकी विभाग (मलनि:सारण)
ई-निविदा सुचना क्र. ०८ सन २०२१-२२
शुध्दीपत्रक क्र.२

निविदा सुचना क्र.०८ सन २०२१-२२ मधील कामाची ई-निविदा दै. [illegible] दै. दिव्यमराठी, दै. पुण्यनगरी, दै. नवशक्ती व दै. फ्रि प्रेस जरनल या वर्तमान पत्रात दि.१२/११/२०२१ रोजी प्रसिध्द करण्यात आली होती. त्यामधील अ.क्र.१०,१३ व १४ या कामाचा तीन पेक्षा कमी निविदा प्राप्त झाल्याने खालिल प्रमाणे मुदत वाढविण्यात येत आहे.

- ऑनलाईन निविदा संच विक्री दि. १०/१२/२०२१ ते दि. १७/१२/२०२१
- ऑनलाईन स्वाक्षरीकरणाची अंतिम मुदत दि. १७/१२/२०२१ दुपारी ३.०० वाजेपर्यंत राहील.
- ऑनलाईन सादर केलेल्या निविदा शक्य झाल्यास दि.२०/१२/२०२१ रोजी उघडण्यात येतील.
- उर्वरीत निविदा अटीशर्ती मध्ये कुठलाही बदल नाही.

सही/-xxx
अधिक्षक अभियंता

[illegible]/१२/२०२१ सार्व. आरोग्य अभियांत्रिकी विभाग (मलनि) नाशिक महानगरपालिका, नाशिक

झाडे लावा, झाडे जगवा

[illegible] आरओबी के निर्माण के संबंध में सिग्नल कार्य [illegible]

SBI
भारतीय स्टेट बैंक
कॉर्पोरेट सेंटर, स्टेट बैंक भवन, मादाम कामा रोड, मुंबई - 400021
सूचना

[illegible] (ई-मेल आईडी: sbi.igr@alankit.com) [illegible]

भारतीय स्टेट बैंक

[illegible]

उपरोक्त [illegible] रु. 1/- के अंकित मूल्य के वर्तमान शेयरों के विवरण प्रस्तुत करते हैं (रिकॉर्ड दिनांक 21.11.2014).

स्थान: मुंबई
दिनांक: 11.12.2021
शेयरों की संख्या: 10726
[illegible]: 26

MUNDRA INTERNATIONAL CONTAINER TERMINAL PVT LTD - (MICT CFS)
Mobile. : +919879104810, +918980021733
PUBLIC E AUCTION OF UNCLAIMED/ UNCLEARED IMPORTED CARGO
Under direction of Government of India, u/s. 48 of the Customs Act, 1962, MICT CFS is going to dispose unclaimed/uncleared import cargo **Old & Used Discarded & Non-Serviceable Compressor Scrap, Chloride Liquid Fertilizer, Teak Rough Square Logs & Pine Sawn Timber Logs** through **E Tender Cum E Auction** to be conducted **on 23.12.2021** through https://www.mstcindia.co.in portal. **INSPECTION: 14.12.2021 to 22.12.2021 between 11.00 am to 05.00 pm except Holidays at MICT CFS, MUNDRA.**
All items will be sold on **"AS IS WHERE IS & NO COMPLAINT** basis as per the detailed Terms and conditions contained in the catalogue available on website mentioned above.

पनवेल महानगरपालिका
शहर अभियंता विभाग
जाहिर ई-निविदा सुचना

निविदा सुचना क्र. पमपा/बांधकाम/६५२१/प्र.क्र. २५२/२६३१/२०२१ दिनांक :- १०/१२/२०२१

आयुक्त, पनवेल महानगरपालिका खालील नमूद कामांकरीता सार्वजनिक बांधकाम विभाग, केंद्रीय सार्वजनिक बांधकाम विभाग, महाराष्ट्र जीवन प्राधिकरण, सिडको इत्यादी शासकीय विभागात योग्य त्या वर्गात नोंदणीकृत पात्र अनुभवी ठेकेदाराकडून बी-१ शतमान पध्दतीनुसार जाहिर ई-निविदा मागवित आहेत.

अ. क्र.	निविदा क्र.	कामाचे नाव	निविदा रक्कम (Without GST)
१	PMC/CE/१४६/२०२१-२२	पनवेल महानगरपालिका क्षेत्रातील प्रभाग समिती "अ" - प्रभाग क्र.२ देवीचापाडा येथे गटार, रस्ता डांबरीकरण आणि समाज मंदिराचे बांधकाम करणे.	९६,२७,५२२
२	PMC/CE/१४७/२०२१-२२	पनवेल महानगरपालिका क्षेत्रातील खारघर गावामध्ये मुलभूत व पायाभूत सुविधा पुरविणे.	४,९४,५२,०३०
३	PMC/CE/१४८/२०२१-२२	पनवेल महानगरपालिका हद्दीतील प्रभाग समिती "अ" मधील डोंगऱ्याचा पाडा गावामध्ये कमानी ते गणेश डोंगरे यांच्या घरापर्यंत रस्ता व गटार बांधणे.	१५,३२,५१०
४	PMC/CE/१४९/२०२१-२२	पनवेल महानगरपालिका क्षेत्रातील प्रभाग समिती "ब" मधील वळवली गावात रस्ता डांबरीकरण करणे.	२५,५८,५०२
५	PMC/CE/१५०/२०२१-२२	पनवेल महानगरपालिका क्षेत्रातील प्रभाग समिती "अ" मधील ओवे कॅम्प गावातील मुख्य रस्त्याचे डांबरीकरण करणे.	५२,२१,००६
६	PMC/CE/१५१/२०२१-२२	पनवेल महानगरपालिका क्षेत्रातील प्रभाग समिती "अ" मधील नागझरी गावातील रस्त्यांचे कॉंक्रिटीकरण करणे.	३३,२४,७०७
७	PMC/CE/१५२/२०२१-२२	पनवेल महानगरपालिका क्षेत्रातील प्रभाग समिती "अ" - प्रभाग क्र.०३ तळोजा पाचनंद येथील तलावाचा विकास व सुशोभिकरण करणे.	४,७९,२९,५१८
८	PMC/CE/१५३/२०२१-२२	पनवेल महानगरपालिका क्षेत्रातील प्रभाग समिती "अ" प्र.क्र.०१ मधील धरणा कॅम्प गावातील अंतर्गत गटारे बांधणे.	९६,७१,३६५
९	PMC/CE/१५४/२०२१-२२	पनवेल महानगरपालिका क्षेत्रातील प्रभाग समिती "ब" प्र.क्र.०९ मधील आसुडगाव येथे रस्त्यांचे कॉंक्रिटीकरण करणे, गटार बनविणे, ड्रेनेज लाईन टाकणे व समाज मंदिराची बांधणे.	२,६०,३६,६५८
१०	PMC/CE/१५५/२०२१-२२	पनवेल महानगरपालिका क्षेत्रातील प्रभाग समिती "ब" प्र.क्र.०९ मधील खिडकपाडा गावामध्ये गटार बनविणे व स्मशानभुमी मध्ये सुधारणा करणे.	९९,१७,२३५
११	PMC/CE/१५६/२०२१-२२	पनवेल महानगरपालिका क्षेत्रातील प्रभाग समिती "अ" प्र.क्र. ०१ मधील पंधर गावातील रस्त्यांचे कॉंक्रिटीकरण व गटार बनविणे.	८३,०९,९८०
१२	PMC/CE/१५७/२०२१-२२	पनवेल महानगरपालिका क्षेत्रातील प्रभाग समिती "अ" प्र. क्र.०१ मधील तुर्भे गावातील रस्त्यांचे कॉंक्रिटीकरण व गटार बनविणे.	८२,७०,३०७
१३	PMC/CE/१५८/२०२१-२२	पनवेल महानगरपालिका क्षेत्रातील प्रभाग समिती "ब" प्र.क्र.०९ मधील टेंभोडे गावातील सशानभुमी मध्ये सुधारणा करणे.	२३,८३,८९८
१४	PMC/CE/१५९/२०२१-२२	पनवेल महानगरपालिका क्षेत्रातील प्रभाग समिती "अ" - प्र.क्र. ०१ मधील पिसावे गावातील रस्त्यांचे कॉंक्रिटीकरण व गटार बनविणे.	३८,८२,९२७
१५	PMC/CE/१६०/२०२१-२२	पनवेल महानगरपालिका क्षेत्रातील प्रभाग समिती "अ" - प्र. क्र. २ मधील पडघे गावातील रस्त्यांचे कॉंक्रिटीकरण करणे व समाज मंदिराचे बांधकाम करणे.	८८,७६,१५३
१६	PMC/CE/१६१/२०२१-२२	पनवेल महानगरपालिका क्षेत्रातील प्रभाग समिती "अ" प्र.क्र.०२ मधील तोंढरे गावातील भरत पाटील ते नाथा बळीराम पाटील यांच्या घरापर्यंत रस्त्यांचे कॉंक्रिटीकरण करणे.	१३,७५,३५५
१७	PMC/CE/१६२/२०२१-२२	पनवेल महानगरपालिका हद्दीतील प्रभाग समिती "अ" मधील घोटचाळ गावातील रस्त्यांचे कॉंक्रिटीकरण करणे.	३०,३२,५९९
१८	PMC/CE/१६३/२०२१-२२	पनवेल महानगरपालिका क्षेत्रातील प्रभाग समिती "अ"- प्रभाग क्र.२ पालेखुर्द गावातील गणेश मंदिर ते स्मशानभूमी पर्यंत रस्त्याचे डांबरीकरण करणे व आर.सी.सी. गटार बांधणे.	८३,१०,६६१
१९	PMC/CE/१६४/२०२१-२२	पनवेल महानगरपालिका हद्दीतील प्रभाग समिती "अ" वार्ड क्र. १ मधील घोट गावातील रस्त्यांचे कॉंक्रिटीकरण करणे व आर.सी.सी. गटार बांधणे.	३७,०५,८६०
२०	PMC/CE/१६५/२०२१-२२	पनवेल महानगरपालिका हद्दीतील समिती "क", प्रभाग क्र.१३ मधील जुई गावामध्ये मलःनिस्सारण वाहिन्या टाकणे, पंपींग स्टेशन बांधणे व मल प्रक्रिया केंद्र उभारणे.	५,५६,४३,९०८
२१	PMC/CE/२५३/२०२१-२२	पनवेल महानगरपालिका हद्दीतील समिती "ड", प्रभाग क्र.१९ मधील गुरुशरणम इमारती समोरील रस्त्याचे व पावसाळी गटाराचे उन्नतीकरण करणे. (गुरुशरणम ते रायगड टिंबर मार्ट)	७९,३५,९७८

या कामाच्या ई-निविदे बाबतची माहिती शासनाच्या 'http://mahatenders.gov.in' या संकेतस्थळावर दि. १५/१२/२०२१ रोजी प्रसिध्द करण्यात येईल, संबंधितानी याची नोंद घ्यावी.

सही/-
(तृप्ती सांडभोर)
अतिरिक्त आयुक्त-I, पनवेल महानगरपालिका